मेरा इश्क़ तिरँगा है

(वीर सिपाहियों को समर्पित)

डॉ. दिलीप गुप्ता

वेबसाइट :- www.bookrivers.com

प्रकाशक ईमेल :- publish@bookrivers.com

मोबाइल :- +91-9695375469

प्रकाशन वर्ष :- 2020

मूल्य :- 150/- रूपये

ISBN:- 978-93-88727-89-1

सम्पादकीय कलम

माँ भारती को नमन ...माँ शारदे को नमन..पूज्य बाबुजी व मात श्री के चरणों मे सादर नमन करते हुए अपनी बात शुरू करता हूँ, भारत की पावन माटी में जन्मा, पला, बढ़ा, भरपूर जिया, कोई मलाल नहीं, किन्तु मेरा तन सीधे-सीधे मातृभूमि के काम नहीं आ पाया इस बात का मलाल अवश्य रह गया...और यही भावना मेरे गीत-ग़ज़ल-कव्वाली में, मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व त्याग दिए वीर सपूतों को और सरहद पर अपनी छाती से बिछकर- अपना लहु सींचकर आजादी की फसलें लहलहाने वाले जाबांजों को नमन करते हुए पुष्पांजलि स्वरूप यह किताब लिखी है, शब्दों के विन्यास में त्रुटियाँ हो सकती हैं जिसके लिए क्षमा करेंगे किन्तु भाव भारत भूमि को समर्पित हैं।

वीरता..माटी को समर्पण, जाबांजी, देश के लिए कुछ कर गुजरने की ललक, लहराते तिरँगे के लिए जान न्यौछावर कर देने की चाहत तथा अराजकता-भ्रष्टाचार-देश द्रोह के खिलाफ बुलन्द हुए मन के भीतर की गर्जना रचनाओं में ढलकर आपके हाथ में है, पढ़कर, आप भी देशभक्ति की धारा में बह जाएँ और मुझपर आशीष बरसादें तो मेरा लिखा सार्थक हो जाएगा।

देश व देशभक्तों को सादर नमन सहित......

लेखक:-

डॉ0 दिलीप गुप्ता

घरघोड़ा-रायगढ़-छ0ग0

मो0-9993919005

शुभकामना संदेश

भारत माता की जय.....

आज आपके हाथ जो पुस्तक है....

निश्चय ही भारत के एक देशभक्त, चिकित्सक व समाज सेवी. कवि के देश-प्रेम गीत, ग़ज़ल, कविता, कवाली का एक अद्वितीय संग्रह है, इनकी लेखनी राष्ट्र-प्रेम की डगर में एक मिशाल बने, ऐसी शुभकामना है। सरहद की सुरक्षा के लिए ज्यों जाबांज सैनिक मर मिटते हैं....सरहद के भीतर जनता के जान माल की हिफाज़त के लिए ज्यों हर वक़्त सिपाही तैनात हैं, मैं समझता हूं इस किताब में प्रकाशित रचनाकार की हर रचना देश को एक नई ऊर्जा-नई चेतना-नए आवेग प्रदान कर केवल और केवल राष्ट्रहित में चिंतन करने बाध्य कर देगी। इनकी रचनाओं में मुखर है महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, भगत सिंह, आज़ाद, सुभाष, विस्मिल-खुदी राम के राष्ट्र प्रेम की हुंकारे.... सिंहों जैसे गरजते जाबांज खयालों के वीर गीतों को पढ़कर कोई भी भारतवासी का हृदय फहरते तिरँगे से इश्क़ किये बिना नहीं रह सकेगा।

"मुझे इश्क़ है तिरँगे से" की एक एक रचना पढ़कर मन मस्तिष्क में माँ भारती और तिरँगे के प्रति दीवानगी सी बढ़ती जाती है, कभी लगता है कि काश...में भी सरहद पर बन्दूक ले क्यों न दुश्मन को मार गिराता, कहीं लगता है कि वीर रस के इन वीर कवि पुत्रों की तरह मैं भी हिंदुस्तान की जय गाथा लिख पड़ूँ, निश्चय ही यह किताब पूरे भारत में देश-प्रेम पर लिखी वीर भावनाओं की वो पुस्तक होगी जो हर हिंदुस्तानी के दिल मे

तिरँगे की आन, बान, शान के लिए मर मिटने के जज्बे को हवा देगी....

इस किताब के लेखक "वीर रचनाकार" को मैं कोटिशः बधाई देते हुए राष्ट्र-प्रेम की वीर भावनाओं को नमन करता हूँ।

जय हिन्द-जय भारती......

बधाई व स्नेहिल शुभकामनाएं–

- नरेंद्र मोदी

प्रधान मंत्री

भारत शासन-भारत

शुभकामना संदेश

इस किताब को पढ़कर धमनी व शिराओं का रक्त जाबांजी के लिए बेचैन हो उठता है......

डॉ0 दिलीप गुप्ता की लिखी यह किताब पूरी तरह से हिंदुस्तानी हृदय का अपने वतन और तिरँगे पर समर्पण की भावना का उफान है।

इनकी रचनाओं की हुंकार में दुश्मन का दिल थर्रा देने वाला तूफान है। रचनाओं के हर शब्द माँ भारती और भारती के सपूतों को समर्पित हैं। रचना की हर पंक्ति मातृभूमि से अनन्त प्रेम को जाहिर करता है। हर रचना में देश और देश रक्षक के प्रति असीम, अलंघ्य, अद्भुत प्रेम से परिपूरित शब्दों की माला से दिलीप गुप्ता ने माँ भारती का "वीर श्रृंगार" किया है। जिसकी आभा और गूंज...हिन्द धरा पर अमर होगी, अनन्त काल तक पढ़ी-सुनी व सुनाई जाएगी।

"इश्क़ है तिरँगे से" नाम को पूर्णतः सार्थक करती वीर कविताएं, गीत, कव्वाली से भरी हर रचना के हर पंक्ति से स्वदेश प्रेम, देश के लिए मर मिटने की शपथ, तिरँगे से अथाह प्रेम जगाती हैं अनायास ही किसी भी भारतीय के हृदय को आंदोलित कर दीवानगी की हद तक देश, सीमा, सुरक्षा, जाँबाजी और हिन्दवीर बनने लहु में उबाल ला सकती हैं..."लाल बहादुर शास्त्री सम्मान" व अनेकों साहित्यिक सम्मान से सम्मानित अनुज डॉ0 दिलीप गुप्ता की कलम हमेशा संसार और समाज की पीड़ा उकेरती रही भ्रष्टाचार, कुरीतियां, अत्याचार के खिलाफ आग

उगलती रही है, पिता-माता देश-धर्म के प्रति अनन्त प्रेम से भरी उनकी रचनाओं को मैंने खूब सुना व सराहा है, उन्हें आशीष, बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए उनके यशस्वी जीवन की कामना करते हुए कलम को विश्राम देता हूँ।

जय माँ भारती....।।

-सुधीर सिंह सुधाकर

राष्ट्रीय संयोजक-मगसम-

दिल्ली (भारत)

शुभकामना संदेश

जय- जय हिंदुस्तान

आज आपके हाथ जो पुस्तक हैं.....

निश्चय ही भारत के देशभक्त...कवियों के देश-प्रेम के गीत-ग़ज़ल-कविता-कवाली का एक अद्‌वितीय संग्रह है..... सरहद की सुरक्षा के लिए ज्यों जाबांज सैनिक मर मिटते हैं...सरहद के भीतर जनता के जान माल की हिफाज़त के लिए ज्यों हर वक़्त सिपाही तैनात हैं.... मैं समझता हूँ इस किताब में प्रकाशित रचनाकार देश के सजग प्रहरी की भूमिका ईमानदारी से निभाता हैं.... इनकी रचनाओं में मुखर हैं महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, भगत सिंह, आज़ाद, सुभाष, विस्मिल-खुदी राम के राष्ट्र प्रेम ही हुंकारे...सिंहों जैसे गरजते जाबांज ख्यालों के वीर गीतों को पढ़कर कोई भी भारतवासी का हृदय फहरते तिरँगे से इश्क किये बिना नहीं रह सकेगा।

“किताब” की एक-एक रचना पढ़कर मन मस्तिष्क में माँ भारती और तिरँगे के प्रति दीवानगी सी बढ़ती जाती हैं.... कभी लगता हैं कि काश.... में भी सरहद पर बन्दूक ले क्यों न दुश्मन को मार गिराता.... कहीं लगता है कि वीर रस के इन वीर कवि पुत्रों की तरह मैं भी हिंदुस्तान की जय गाथा लिख पडूँ..... निश्चय ही यह किताब पूरे भारत में देश-प्रेम पर लिखी वीर

भावनाओं की प्रथम पुस्तक होगी जो हर हिंदुस्तानी के दिल में तिरँगें की आन-बान-शान के लिए मर मिटने के अरमान जगा देगी.... इस किताब से जुड़े हिन्द-वीर रचनाकारों व किताब के संयोजक सम्पादक मंडल को मैं कोटिशः बधाई देते हुए राष्ट्र-प्रेम की वीर भावनाओं को नमन करता हूँ।

नमन नमन नमन....

लालजीत सिंह राठिया

विधायक व कैबिनेट मंत्री

छ0ग0 शासन

शुभकामना संदेश

"माँ भारती की जय-भारत के सपूतों की जय"

आज आपके हाथ जो पुस्तक हैं.....

निश्चय ही भारत के देशभक्त...कवियों के देशप्रेम के गीत-ग़ज़ल-कविता-कवाली का एक अद्‌वितीय संग्रह है..... सरहद की सुरक्षा के लिए ज्यों जाबांज सैनिक मर मिटते हैं...सरहद के भीतर जनता के जान माल की हिफाज़त के लिए ज्यों हर वक़्त सिपाही तैनात हैं.... मैं समझता हूँ इस किताब में प्रकाशित रचनाकार देश के सजग प्रहरी की भूमिका ईमानदारी से निभाता हैं.... इनकी रचनाओं में मुखर हैं महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, भगत सिंह, आज़ाद, सुभाष, विस्मिल-खुदी राम के राष्ट्र प्रेम ही हुंकारे...सिंहों जैसे गरजते जाबांज ख्यालों के वीर गीतों को पढ़कर कोई भी भारतवासी का हृदय फहरते तिरँगे से इश्क किये बिना नहीं रह सकेगा।

"किताब" की एक एक रचना पढ़कर मन मस्तिष्क में माँ भारती और तिरँगे के प्रति दीवानगी सी बढ़ती जाती हैं.... कभी लगता हैं कि काश.... में भी सरहद पर बन्दूक ले क्यों न दुश्मन को मार गिराता.... कहीं लगता है कि वीर रस के इन वीर कवि पुत्रों की तरह मैं भी हिंदुस्तान की जय गाथा लिख पडूँ..... निश्चय ही यह किताब पूरे भारत में देशप्रेम पर लिखी वीर

भावनाओं की प्रथम पुस्तक होगी जो हर हिंदुस्तानी के दिल में तिरँगें की आन बान शान के लिए मर मिटने के अरमान जगा देगी.... इस किताब से जुड़े हिन्द-वीर रचनाकारों व किताब के संयोजक सम्पादक मंडल को मैं कोटिशः बधाई देते हुए राष्ट्रप्रेम की वीर भावनाओं को नमन करती हूँ।

जय माँ भारती....

गोमती साय

सांसद (रायगढ़ लोकसभा)

भारत शासन

रचना सूची

क्र.सं.	कविता	पृष्ठ सं.
1.	इश्क तिरँगे से	
2.	आज़ादी सबकी जिम्मेदारी	
3.	या तिरँगे में लिपट कर आऊँगा	
4.	सलाम बार-बार उन जवान के लिए	
5.	मेरी तो जान है कुर्बान बस वतन के लिए	
6.	फहराएगा कश्मीर में अब मेरा तिरँगा	
7.	तिरँगा धर्म पर कुर्बान हो..	
8.	वीरों को बधाई	
9.	मिल जाए अणु बम	
10.	बारूद उड़ाना सिखाइए	
11.	युद्ध का डंका बजादो	
12.	बन बारूद का तूफान	
13.	जीना हो देश के लिए	
14.	हिंदुस्तान गाया करो	
15.	हम हिंदुस्तानी	
16.	तिरँगे के खातिर मरा कीजिये	
17.	जन गण गावा	
18.	सैनिक सरहद पर	
19.	बाल वीर देशगीत	
20.	ध्वज पर न्यौछावर हम	
21.	देश हमारा	

22.	जय जननि, जय भारत माँ	
23.	नमन बोस, बापू, अब्दुल को	
24.	अभी और बेड़ियां बाकी हैं..	
25.	तिरँगे से प्यार कर लेना	
26.	ओढ़ तिरँगा घर आया	
27.	वीरों की धरती है मेरा हिंदुस्तान	
28.	वीरों को नमन	
29.	सीमा के निगहबानों को सौ सौ सलाम है	
30.	देश की पीड़ा समस्या एक होकर मेट दो	
31.	रुको नहीं, झुको नहीं	
32.	सैनिक सींचते हैं खून....	
33.	वीर (आल्हा छन्द)	
34.	चौकीदार	
35.	तिरँगा लहराए	
36.	कन्या कुमारी से कश्मीर तक हमारा है,	
37.	याद कर जंजीरों को	
38.	वीरों को समर्पित	
39.	माँ भारती को शत्- शत् नमन	
40.	याद रहता है	
41.	भारत के बेटे (आल्हा छन्द)	
42.	नश्ले आज़ादी उगा लो	
43.	हिंदुस्तान का बेटा पूछे	
44.	सहर आती है	
45.	बैरी की कब्र खनन कर ले	
46.	रंग दो धरती	

47.	अपने वतन की आन पर	
48.	फिर हुंकारा है	
49.	दुल्हन शहीद की	
50.	न्यू ईयर पर, एक हिन्द (वीर गीत)	
51.	शेर दिल चट्टान हैं हम	
52.	ए वतन....जवानी दे दूंगा	
53.	सरहद के घावों को	
54.	दोहे	
55.	सिपाही सदर कीजिए	
56.	अहं का दिया बुझाओ यार	
57.	सर पे ताज़ तो कांधे पे.....	
58.	दीवार ढहाया जाए	
59.	नापाक पाक	
60.	हिन्द शेर आज़ाद करो	
61.	जड़ें हिला रहा हूँ	
62.	पी.एम ने कर दिया पी.एम	
63.	कंगन	
64.	लंका जलानी है	
65.	एक कविता राष्ट्रीय एकता के लिए	
66.	संविधान को जकड़े भक्षक	
67.	सीमा पे तिरँगा फहराए रखना	
68.	मेरा देश, मेरा देव, मेरी पूजा	
69.	शेर पे सवार मईया देश मेरे आओ	
70.	सिपाही का पैगाम	
71.	वीर मुक्तक....	

फहरते तिरँगे से इश्क़ है हमको

फहरते तिरँगे से इश्क-ओ-उल्फत है हमें यारों
कयामत तक ये फहरे-एक हसरत है हमें यारों।।

सरहद के सिपाही भाई मुझको भी सदा देना
निहत्था, फौज से लड़ने की हिम्मत है हमें यारों।।

दयानत-दोस्ती और अहिंसा दौलत हमारी है
वरन पल में उड़ाने पाक ताक़त है हमें यारों।।

टैंक औ मीसाइल न गोलियों से हम कभी डरते
"बेटे हिन्द के" "खुदा की रहमत" हैं हमें यारो।।

कसम माँ भारती जब हिमालय को शत्रु लांघेगा
टुकड़े-टुकड़े न कर दूं तो लानत है हमें यारों।।

शत्रु चीनी-पाकी..पीठ पर जो वार करते हैं
सुलह कोई न हो इनसे, अदावत है हमें यारों।।

मैं भी बन्दूक उठा के दुश्मनों पे कहर बन बरपुं
कानून ऐसे नहीं, इसकी शिकायत है हमें यारों।।

आज़ादी सबकी जिम्मेदारी

सरकारी भवनों चौराहों, देश-प्रेम के बजते गीत।
विजय पताका फहर रहा है, आज़ादी का दे संगीत।।
मुक्त पवन है, मुक्त सांस है, मुक्त धरा-आकाश है।
मुक्त हिन्द जन कुर्बानी, वीरों के कर अहसास है।।

हारा अत्याचार औ हारी हवसपूर्ण.. है बर्बरता।
वीरों का है लहू प्रकाश, जो तम-सितम को है हरता।
मत खोना अब भूल से अपनी ये महंगी आज़ादी।
भारत के कितने लालों ने, अपनी बलि चढ़ा दी।।

कोई फिर से शांत वतन में बम बारूद उड़ाए।
वीर, ऐसे आतंकी का सर काट-काट कर लाए।।
सरहद पर तो अड़ी हुई है ...चट्टानों सी सेना।
भीतर हम त्रिशूल उठा, बैरी की फोड़े नैना।।

भीतर बाहर और आस्तीनों में जो सांप बसें हैं।
मौक़ा पाकर अमन चैन को देश के बल को डसे है।।
टोपी, कुर्सी, वर्दी, धोती, तिलक, जनेऊ, पगड़ी।
नज़र न खोना छुपे हुई कंसों की फौजें तगड़ी।।

धन सत्ता के लिए देश, दंगे हड़ताल कराते।
सीधी भोली जनता के सर विदेशी कर्ज बढ़ाते।।
सजग रहो सब देशधर्म को तब झंडा फहरेगा।
वरना दुश्मन वेश बदलकर आ हम में ठहरेगा।।

आज़ादी और अमन चैन को मत समझो सरकारी।
केवल सेना की नहीं, स्वतंत्रता सबकी जिम्मेदारी।।

या तिरँगे में लिपटकर आऊँगा...

माँ न रोना लौट कर मैं आऊंगा..
शत्रु को कभी पीठ ना दिखलाऊंगा।।
माँ भारती का कर्ज़ मैं चुकाऊंगा..
कोख तेरा ...मैं नहीं लजाऊंगा ।।
"हिमशिखर विजय ध्वजा फहराऊंगा..
या तिरंगे में लिपटकर आऊंगा।।"

मेरे वतन की भूमि पर जन्नत जो है..
बैरी लालच औ हवस के वश में है,
जिस आँख में गंदे इरादे आए हैं..
बारूद माँ के आंचलों बिछाए हैं,
कायरों ने मुँह अँधेरे सीमा पर
सोते शेरो पर, बम बरसाए हैं,
धोखे से जब, एक भी वीर मारेंगे
दस शीश मैं नापाक काट लाऊंगा..
"हिमालय पर मैं ध्वजा फहराऊंगा
या तिरंगे में लिपट कर आऊंगा ।।"

माँ न रोना लौट कर के आऊंगा
मातृ भू का कर्ज मैं चुकाऊंगा ।।"
जो लिपट आया तिरंगे में अगर
बहना राखी तुम तिरंगे में पिरोना
आत्मा मेरी गर्व से मुस्काएगी
बच्चे मेरे शव पर बिलकुल न रोना
शहीद की बेबा न पोंछे मांग को
मृत्यु नहीं है देश पर कुर्बान होना....
बेटा मेरा रण भूमि में तुम भेजना
मेरे अधूरे फर्ज़ को ....सहेजना,
बैरी के छक्के छुड़ाकर आऊंगा..
शत्रुओं की लाशें बिछाकर आऊंगा ....
माँ न रोना लौट कर मैं आऊंगा
माँ भारती का कर्ज मैं चुकाऊंगा...
दूध तेरा मैं नहीं ..लजाऊंगा..
आतंकियों का कर के वध मैं आऊंगा
“हिमालय ..भारत ध्वजा फहराऊंगा
चाहे तिरंगे में लिपट कर आऊंगा ।।"

धर्म मेरा -कर्म मेरा, देश है
माता-पिता-गुरु-वतन का सन्देश है..
टैंकों के आगे से ..हटना हटना नहीं
शत्रु के तोपों से डरना मैं नहीं..

धावा बैरी का हुआ तो सामने मैं

अपनी छाती आगे कर अड़ जाऊँगा..

चाहे सेना उसकी हो असलों-विशाल

मैं अकेला निहत्था ..लड़ जाऊंगा...

ऐ वतन तेरी कसम माँ भारती

कायरों के रक्त से नहलाऊंगा..

शत्रुओं की मुंड माला लाऊंगा

माँ भारती के चरणों में चढ़ाऊंगा,

हाथ भर के चीन-पाकिस्तान को

पलक भर में मैं सबक सिखलाऊंगा.....

माँ न रोना लौट कर मैं आऊंगा

बहना न रोना लौट कर मई आऊंगा

बेटा न रोना लौट कर मैं आऊंगा

सजनी न रोना लौट कर के आऊंगा.. ||

तुम सभी के भाल मैं उठाऊंगा...

तिरंगा झुकने न दूँगा मैं कभी

"लाल" हूँ ...मैं "लाल" हो बिछ जाऊंगा

हिमालय पर ...तिरंगा फहराऊंगा....

या "तिरंगे में लिपटकर" आऊंगा |||

सलाम बार-बार उन जवान के लिए

(कव्वाली-जवानों को समर्पित)

सीमा पे खड़ा हथेली में ..जान है लिए..
देता है अपनी जान हिंदुस्तान के लिए
माँ भारती की आन-बान-शान के लिए
सलाम बार बार उन जवान के लिए।।

जिसके लहू की हरेक बून्द, मातृ भू को अर्पित है
जिसका शरीर जीना मरना देश को समर्पित है,
माता पिता घर द्वार सब को छोड़ आया है
बीबी-बच्चे-भाई-बहन-भी छोड़ आया है,
सलाम बार बार उन जवान के लिए...
खाएगा गोली तिरँगे की शान के लिए...
सीमा पे खड़ा हथेली पे जान है लिए।।

वर्दी और शपथ को-रिश्ते-नाते वार देते हैं
सरहद में डटे अपनी हर खुशी को मार देते हैं,
हिमालय से अडिग अपने फ़र्ज़ के लिए
जन्मे जहां में.. मातृ भू के..कर्ज़ के लिए
देश रक्षा -दिल मे ...अरमान के लिए
चौकस वतन के सभी निगेहबान के लिए...
सलाम बार-बार उन जवान के लिए-
सीमा पे अड़े हथेली पे जान जो लिए।।

शत्रु आक्रमण करे तो, वो ही ढाल होते है
उनकी जांपरस्ती से, सुकून से घर सोते है.
देश को छू ही न पाए कोई मुसीबत..
वो कवच बने रहते हैं अवाम के हर वक़्त..
टैंकों के आगे अड़े जो चट्टान ..के लिये
जनता के लिए होते जो कुर्बान ...के लिए
सलाम बार-बार उन जवान के लिए...
सीमा पे खड़े हथेली पे जान जो लिए।।

भीषण हो सर्द रात या..सूरज प्रचण्ड भी..
चल रही हो आंधियां-तूफा प्रचण्ड भी..
कांटो में पत्थरों में सांप बिच्छुओं में भी रहे
महफ़ूज़ करने तिरँगा खतरों में ही रहे...
झँडे की कसम खाके.. हिन्दोस्तान के लिए
खतरों से लड़े.. भारती की मान के लिए..
सलाम बार-बार उन जवान के लिए
भारत के सरहदों के निगहबान के लिए।।

कोई भी सुविधा नहीं, उन भारत के शेरों को
लाखों फूंके रोज जहां मंत्रियों के फेरो को
कार, फोन-शान मान नेता अफ़सरों के लिए
छाती से बिछा जो, कुछ नहीं उनके घरों के लिये..
मजबूत अगर रखना-देश सम्पन्न सुरक्षित
सरकार सोचे किसान औ जवान के लिए....

सरहद पे खड़े हथेली पे जान जो लिए

सलाम बार- बार उन जवान के लिए।।

मेरी तो जान है कुर्बान बस वतन के लिए

न ही कुर्सी के लिए, न ही टोपी के लिए

न तो नोटों के लिए, न ही रोटी के लिए,

न ही दौलत के लिए, न ही शोहरत के लिए

न बीबी बच्चों दोस्तों की सोहबत के लिए.....

जना है जिस धरा ने, हिफाज़त में हूँ दफन के लिए

हूँ हिमालय पे खड़ा...सीमा के जतन के लिए।।

मैं तो जीता हूँ हिंदुस्तान में अमन के लिए

मेरी ये जान तो कुर्बान है.....वतन के लिए।।

मेरे रग-रग में शहीदों का लहू बहता है

है हिंदुस्तान-मेरी जान....लहू कहता है,

मेरी सांसों में फहरता है तिरँगा प्यारा

मेरी आशों में लहरता है तिरँगा प्यारा,

रगों में खौल रहा है लहू दुश्मन के लिए

हूँ मैं सरहद पे खड़ा..बैरी के दमन के लिए

हूँ हिमालय पे अड़ा अम्नो-चमन के लिए

मेरी हर सांस हिंदुस्तान में अमन के लिए...
मेरी ये जान तो कुर्बान है वतन के लिए।।

मैंने ओढ़ी है एक कसम माँ भारती के लिए
मैंने छोड़ी है हर करम माँ भारती के लिए,
मैंने दूल्हा नहीं बनना है न बारात की जिद्द
एक अरमान की अर्थी मेरी जब निकले
मेरी छाती पे तिरँगा हो एक कफ़न के लिए।।
रगों में खौल रहा है लहू दुश्मन के लिए
हूँ मैं सरहद पे खड़ा..बैरी के दमन के लिए
हूँ हिमालय पे अड़ा अम्नो-चमन के लिए
मेरी हर सांस हिंदुस्तान में अमन के लिए...
मेरी ये जान तो कुर्बान है वतन के लिए।।

ये तिरँगा हमेशा ...सरहदों पे लहराए
कोई बैरी न मेरे देश कभी घुस पाए,
मेरा सीना है ढाल...शत्रु के बम-गोलों से
मेरे जज्बे भरे है बारूद और शोलों से,,
चौकस खड़ा हूँ मैं दिन रात जो दुश्मन के लिए
रक्त की नदियां बहा दूंगा मैं चमन के लिए।।
मेरी हर सांस है कुर्बान बस वतन के लिए
रगों में खौल रहा है लहू दुश्मन के लिए
हूँ मैं सरहद पे खड़ा..बैरी के दमन के लिए
हूँ हिमालय पे अड़ा अम्नो-चमन के लिए

मेरी हर सांस हिंदुस्तान में अमन के लिए...
आंधी तूफान बर्फबारी से नहीं डरता
पाक-नापाक-चीन की फ़िकर नहीं करता,
मैं अकेला भी ईनके टैंकों से लड़ जाऊंगा
मैं निहत्था भी इनपे भारी ही पड़ जाऊंगा,
शहीद होने को तैयार हूँ अमन के लिए--
अड़ा सरहद में हूँ आतंक के दमन के लिए।।
मेरी हर सांस है कुर्बान बस वतन के लिए
मेरी तो जान है कुर्बान बस वतन के लिए।।

मैं हूँ जिंदा तो हिंदुस्तान में अमन के लिए
मेरी तो जान है कुर्बान बस वतन के लिए।।
रगों में खौल रहा है लहु दुश्मन के लिए
हूँ मैं सरहद पे खड़ा..बैरी के दमन के लिए
हूँ हिमालय पे अड़ा अम्नो-चमन के लिए
मेरी हर सांस हिंदुस्तान के अमन के लिए...

फहराएगा कश्मीर में अब मेरा तिरँगा

फहराएगा कश्मीर में ....अब मेरा तिरँगा

लहराएगा कश्मीर में.....अब मेरा तिरँगा...।।

भारत का स्वर्ग भारती जयगान कर रहा

कोई न रोक पाएगा....अब मेरा तिरँगा।।

कश्मीर की हवा में गूंजी भारती की जय

पत्थर तो नहीं खाएगा...अब मेरा तिरँगा...।।

नापाक की अब खैर नहीं, फिर जो घुस आए

चीर के खा जाएगा...अब मेरा तिरँगा...।।

भारत के वीर होंगे वहां दहशत हुआ ख़तम

रक्षा वचन निभाएगा...अब मेरा तिरँगा।।

नाचते हैवान थे ...कश्मीर में... रात दिन

आतंक को मिटाएगा....अब मेरा तिरँगा...।।

दो शेरो ने फना किया... तीन सौ ...सत्तर

आकाश में लहराएगा...अब मेरा तिरँगा।।

गांधी अटल इंदिरा -सपना अखण्ड भारत

ब्रम्हांड में लहराएगा...अब मेरा तिरँगा।।

तिरंगा धर्म पर कुर्बान हो

(एक देश भक्ति गीत)

मैं तिरंगा धर्म पर......कुर्बां हो जाना चाहता हूँ।
त्याग सब कुछ मातृ भू की शां हो जाना चाहता हूँ।।
जिस कोख में जन्मा-पला-आया धरा पर सांस ले।
कोख औ धरा के खातिर सब लुटाना चाहता हूँ।।

प्रथम पूजूँ माँ-पिता और....मातृभूमि की धरा।
नमन वन्दन फिर... सपूतों का मनाना चाहता हूँ।।
9 सैकड़ों सालों से जब हैवानीयत थी राज करती।
रोते-पिसते-हिन्द-जन... यादें दिलाना चाहता हूँ।।

जब धरा पुत्रों ने हंसकर, फांसी का फंदा स्वीकारा।
माँ भारती पर बिछ गए, वो दृश्य दिखाना चाहता हूँ।।
भगत-शेखर-गुरु-सुभाष, बिस्मिल्ला-और तिलक के।
सुखदेव-बल्लभ-लक्ष्मी की मैं राह जाना चाहता हूँ।।

राणा-शिवा-तात्या से वीरों की धरा पर जन्मा हूँ।
बापू सा अनशन का चरखा मैं चलाना चाहता हूँ।।
आज फिर आज़ाद धरती..पर नज़र शत्रु की है तो।
शत्रुओं की मुण्डमाला माँ को पहनाना चाहता हूँ।।

जो नज़र मेरे तिरंगे पर गड़ेगी ....जब कभी भी।
आँखें निकाल चील-कौवों को खिलाना चाहता हूँ।।

सरहदों की शान्ति छीने -बैर बोये-खून बहाये।
बैरी सारे मार, हिमगिर ध्वज..फहराना चाहता हूँ।।

वीरों को बधाई

जबसे हमने हाथों में बन्दूक है सम्भाला,
आगे गीला पीछे पीला शत्रु है कर डाला।।
भड़की है आग बदले की, ठंडी नहीं होगी,
आँखों में नहीं आँसू अब जलती है ज्वाला।।
अब न कोई वीर, ओढ़े तिरँगा घर आए,
लाए तिरँगा फहरता और शत्रु मुंड माला।।
धोखे से सुवरन ने किया, वीरों पे हमला,
वीरों ने घुस के घर मे जिंदा जला डाला।।
बालकोट जल गया, तालिबान है बाकी,
खाक में मिला के कर दो उसका मुं काला।।
जवानों औ जाबांजो को बधाई दी दिलीप,
बम गिरा शैतानियत के कस-बल निकाला।।

मिल जाए अणु बम

हर शख्स ख्वाहिशों में डूबा हुवा सा है,
फर्ज़-ए-वतन को भुला हुवा सा है।।
जिन दिनों माँ कैद थी जुल्मों का कहर था,
मर मिटे कितने खबर हरा हुआ सा है।।
गुलामी की जमीं रंगी हुई थी खून से,
शहीदों का लहू ..चीखता हुआ सा है।।
जानवर की तरह झुक के जी रहा था भारतीय,
वो जुल्म, वो सितम को बिसरा हुआ सा है।।
अंग्रेजी दासता से आजादी की कथा,
अंग्रेजी में सुना-सुना फुला हुआ सा है।।
हिन्द के बेटों को ये सवाल है दिलीप,
आज़ाद हिन्द जख्मों से क्यूं भरा हुआ सा है ! ?
नापाक हरकतें रोज दे रही है जख़्म,
सिपहसलार हज में खोया हुआ सा है।।
हर कमर में म्यान, तीर तरकशों में हों,
दिल दुश्मनों का हरदम डरा हुआ सा हो।।
मिल जाये अणु बम दिलीप को एक भी कभी,
नापाक इरादों का मुँह, झुलसा हुआ सा हो।।

बारूद उड़ाना सिखाइये

धर्म की दुकान खोल कर..माथ पे तिलक लगाइए।
भय दिखा के भ्रम औ ढोंग के, सामान बेंच खाइए।।

देवों की धरा है हिंदुस्तान, आस्था-विश्वास का है घर।
देवों का बखान सुनाकर, दौलत-शोहरत कमाइए।।

सरहदों की मांग है बेटे, बाहुबल के साथ आ डटें।
देश के सपूत इकट्ठा कर, भजन गाकर नचाइये।।

बिलबिला उठा हो वतन जब...आतंकी हमलों से।
देश के जवानों को...बारूद उड़ाना सिखाइये।।

सियासत के झंड़ेदारों ने, घोल दिए हैं जहर यहां।
धर्म-जात-भेद भुलाकर, एक हैं सब सच बताइए।।

नभ में तिरँगा लहर रहा, तभी तक हैं धर्म और देश।
आजाद हिंदुस्तान के लिए, जांफ़रोसी सिखलाईये।।

राम-अल्लाह-नानक-ईसा, सत्य धर्म के प्रतीक हैं।
ईद-दीवाली-गुरु पर्व..क्रिसमस भी सब मनाइए।।

युद्ध डंका बजा दो

(एक वीर गीत)

खून के बदले खून से अब, हमको इन्कार नहीं होगा।
कोई समझौता पाकी से अब स्वीकार नहीं होगा।।

छुप छुप कायर घात लगाकर तुम बारूदे झोंक रहे।
अणु बम फेंक के ध्वस्त करेंगे, वार पे वार नहीं होगा।।

बहुत हो गई सुलह की बातें, सेना अब आज़ाद करो।
चढ़ कर नेस्तनाबूद करे, अब युद्ध हो प्यार नहीं होगा।।।

आ जाए मैदान में बैरी, पाकी (आतंकी) एक न छोड़ेंगे।
अब नापाको के घर कोई, तीज त्योहार नहीं होगा।।

पानी सर से ऊपर हो गया, पी.एम अब निश्चय कर लो।
आक्रमण-आदेश दो सीधे, अब ललकार नहीं होगा।।

वीरों की बलि बार-बार, अब सहन की सीमा से बाहर।
खत्म करें जमात आतंकी...औ पैदावार नहीं होगा।।

बन बारूद का तूफ़ान

(एक वीर गीत)

शहीदों की लहू हूँ मैं, भारत की बेटी हूँ
दूल्हा न मेरा ढूंढो, मैं शपथ ये लेती हूँ,
पापा न बनूं दुल्हन, ससुराल न जाऊंगी
बन बारूद का तूफ़ान बैरी से लड़ने जाऊंगी।।
तुम करो पीड़ितों की सेवा, मरहम बनकर के
ध्वजा तिरंगा हिमगिरि पर मैं जा फहराऊंगी ।।

बेटी आजादी की, दुलहन न बना करे
झांसी की रानी सी, दुर्गा सा रूप धरे...
वतन को गद्दारों, और पापी से बचाने को
जाबांज़- सिपाही का, वो जिम्मा धरा करे
सरहद पर जाकर के, घमासान मचाऊंगी
हिन्द शत्रु के काट-काट कर, सर ले आऊंगी
दादा की तरह मैं भी फ्रंट में लड़ने जाऊंगी
तुम करो पीड़ितों की सेवा मरहम बनकर के
ध्वजा तिरंगा हिमगिरि पर मैं जा फहराऊंगी।।

वीरों के संग संग मैं, कदम मिला करके
भारत की सीमा पर ...पहरेदारी कर के
भीषण तूफानों से, बारूदी- धमाकों से
दुश्मन कांपे रणचंडी, से थर-थर थर-थर के

बैरी के लिए मैं महाकाल सी बन ही जाऊंगी
आतंकी खून से, अपने खड्ग की प्यास बुझाऊंगी
दादा की तरह मैं भी फ्रंट में लड़ने जाऊंगी
तूम करो पीड़ितों की सेवा मरहम बनकर के
ध्वजा तिरंगा हिमगिरि पर जाकर फहराऊंगी।।

नापाक पाक के हत्यारों के सिर पर चढ़ कर के
अन्यायी, जयचंदों की नीयत को पढ़कर के,
भाषा रायफल और तोप की बस जो जाने हैं
छल-धोखे से वार करें हरदम बढ़-चढ़कर के,
उन सबके दिमाग ठिकाने पर मैं लगाऊंगी
माँ भारती का आँचल ..दुश्मन से बचाऊंगी
दुल्हन न बनूंगी मैं, ससुराल न जाऊंगी।
दादा की तरह मैं भी फ्रंट में लड़ने जाऊंगी।।
मैं फूल तुम्हारे गुलशन का, अंगार बनूँगी
असुर संहारक काली...सीमा पार बनूँगी,
घात लगाकर जो ...वीरों को काटते हैं
धोखे से भारत को मजहब में बाँटते है
उन नीच-लालची-हैवानों को धूल चटाऊंगी
टुकड़े-टुकड़े कर के, रक्त की नदी बहाउंगी।
ध्वजा तिरँगा हिमगिर पर जाकर फहराऊंगी।।

पापा न बनूं दुल्हन, ससुराल न जाऊंगी
दादा की तरह मैं भी, फ्रंट में लड़ने जाऊंगी,

थर- थर काँपे शत्रु, दुर्गा बन जाऊंगी
ध्वजा तिरंगा.. हिमगिरि पर जाकर फहराउंगी ।।

जीना हो देश के लिए

माँ बाबू जी के बदन का हिस्सा हूँ
आज़ाद हिंदुस्तान का किस्सा हूँ
हिंदुस्तान की माटी से बनी कहानी हूँ
हिन्दू न मुसलमा न सिख ईसाई
भारती का बेटा ...बस हिंदुस्तानी हूँ.....
अब तक लिखता था गीत-ग़ज़ल-कविताएं
अब लिखूंगा सरहद..वीर...शहादत की कथाएँ....
अबकी बार जो घात लगाएगा दुश्मन
मेरे वीरों के एक खरोंच भी लगाएगा दुश्मन
कसम माँ भारती की....
उसके खून से लिखकर कविता...
चारों दिशाओं को
मुस्कुराती फिजाओं को
महकती हवाओं को
झूमती लताओं को
बल-खाती नदियों को

कल-कल बहते झरनों को

हिमालय के चरणों को...

लाल कर दूंगा.....

अब नहीं सहूंगा....

आतंकी मंजर को

धमाकों के खंजर को

लुटती-पिटती मांगों को

छाती पिटती माओं को

बिलखते बच्चों को...

आतंक की गर्दन उमेठ कर काल कर दूंगा....

खौल उठा है रग-रग मेरा

देखकर...

ए के छप्पन की नलियों को

बारूद की महक भरी गलियों को,

आतंकवादी नारों को

खुले फिरते हत्यारों को...

बारूद के बाजारों को..

लाशों में तलबगारों मो....

अब इनको नेस्तनाबूद कर दूंगा....

तुम भी चुप न रहना देखकर---

सिसकते हुए बचपन को

बिकते हुए यौवन को

बुजुर्गों के साथ अत्याचार को
देश मे फैले भ्रष्टाचार को
फांसी लटकते हुए किसान को
सरहद पर लाल जवान को
भूखों मरते बेरोजगार को
घोटालों के अंबार को....
उठाकर पत्थर कुचल देना कुसूरवार को....
मत लिखो अब कविता
मेनका के केशों पर
रम्भा के भेषों पर
बल खाती कमर पर
सोलह की उमर पर
यौवन की दहलीज पर
राखी और तीज पर,
कजरारी आँखों औ.. काजल पर
पांवों में खनकती पायल पर...
बल्कि भूख, पीड़ा और शहादत लिख दो...
अब लिखना बस....
सरहद की सांस को
जाबांज के प्रयास को
जयचंदों के बाहुपाश को
दोगलों के नागफांस को
षड्यंत्र आस-पास को...

और मिटा देना दुश्मनी के बीज के आकाश को

और लिखना शहीदों को नमन

सीमा पर अड़े वीरों का वन्दन

अन्नदाता किसान के माथे का चन्दन

देश धर्म के लिए जीने वाले हर आदम का अभिनन्दन..

और शत्रुओं का करुण क्रन्दन...

जय माँ भारती......

हिंदुस्तान गाया करो...

राह में जब चलो मुस्कुराया करो

मन्दिर, मस्जिद भी हो आया करो...

दुर्गा माता बिराजी है कश्मीर में

तीन सौ सत्तर रावण जलाया करो...

अब भारत माता का जय घोष कर

कतार-ए-तिरँगा फहराया करो.....

पुरसकूँ हो जो अपना घर-औ-कारोबार

झोपड़ी बस्तियां देख आया करो...

गर खुदा ने है बख्शी दौलतें खूब तो

किसी बेबस का सर सहलाया करो....

हंसो खूब-भर पेट खा-नींद लो
बैंक बैलेंस न ज्यादा बढ़ाया करो....

शुक्र मानो खुदा का, न शुगर-बी.पी
खूब कसरत करो और कराया करो....
एक दीवार पे चार खाने बना,
ओउम-अल्लाह-यीशु-गुरु बनाया करो.....

बैठ छत पर सुबह, गुरुग्रन्थ-बाईबिल
कुरआन-रामायण भी सुनाया करो.....
शाम मिश्री से स्वर ..आरती औ अज़ान
जय जय हिंदुस्तान ...भी गाया करो.......
जय जय हिंदुस्तान..........

हम हिंदुस्तानी

चाहे हिन्दू-मुस्लमान हो,
चाहे सिख-ईसाई।
जितने सारे लोग हिन्द में,
हिंदुस्तानी भाई।

हरियाली व् त्याग शांति का,
एक मिशाल है हिन्द देश।
अनेक जाती पर हिन्द धर्म,
अद्भुत यहाँ का है परिवेश।।

उत्सव चाहे राम रैली हो,
चाहे ईद जुलुश हो।
मेरे गांव के सारे बेटे,
सहिष्णुता से ख़ुश हो।।

हम चाहे जिस जात-धर्म के,
माँ भारती के लाल।
सम्पूर्ण विश्व के गौरव हैं हम,
धर्म एकता की मिशाल।।

दया -क्षमा का भाव जहाँ,
बसता सकल ह्रदय है।
भारत के हर वरद पुत्र की,
प्रवृति हिंदी मय है।।

चलो प्रेरना हम बन जाएँ,
बस मानवता का अलख जगाएं।
जाती-धर्म-रंग-भाषा अलग हों,
हिंन्द जन एक, जग को दिखलाएं।।

तिरँगे के खातिर मरा कीजिये

कभी जल्दी नहीं फैसला कीजिये,
कुछ समय सोच कर, तब कहा कीजिये।।

जब भी मुश्किल घड़ी सर पे मंडराए तो,
बुजुर्गों से तब.... मशवरा कीजिये।।

देश की बात हो...घर में आपात हो,
खुद न कर...माँ-पिता का कहा कीजिये।।

दिल मायूस हो जब ...कोई पीर हो,
सौंप कर के खुदा को..रहा कीजिये।।

ज़ीस्त के दिन हैं तय, बस जिया कीजिये,
न दौलत इकट्ठा.... किया कीजिये।।

हुआ जन्म धरती पे,....सब एक से,
जात-मजहब से दूरी...रखा कीजिये।।

हिन्द भूमि में बेटा ...जिया हो अगर,
तिरँगे के खातिर ...मरा कीजिए।।

जन गण गावा

जनगण गावा अतिसुख पावा,
हरसि हिया से ध्वज फहरावा।।
जबहु त, बैरी कपट लगावा,
तबहु त वीरो मार भगावा।।

तीन सौ सत्तर निपट गया है,
कट कितनों का टिकट गया है।।
काश्मीर आराम से सोवे,
पत्थर दिल अब कोई न होवे।।

फहर तिरँगा चौबीस घण्टे,
मन्दिर-मस्जिद, नमाज़-घण्टे।।
अब पूरी आजादी तुमको,
पण्डित मुल्ला सबको हमको।।

ऐसा धमाका दिल्ली मे कर दो,
न्याय विधान को सरल कर दो।।
हर ऑफिस लगा दो कैमरे,
भ्रष्ट को करवाओ कैबरे..।।

सैनिक सरहद पर

सैनिक ....

सरहद पर

अटल-अडिग-अलंघ्य

दीवार बनकर देश की रक्षा को

लहू प्राण से तत्पर है....

वो माँ बाप के लिए नहीं

बीबी बच्चों का भी नहीं...

किसी भी दिन

आंसुओं से तर..

तिरँगे में लिपटकर

लौट आएगा....घर.....

शव दाह कर ..तेरहवीं करेंगे

परिवार के लोग

और रोएंगे जन्म भर...

शहीद के परिवार कहलाएंगे.....

कोई भत्ता--बोनस...

कोई लाल ...पीली बत्ती की गाड़ी

या कोई बयां लायक ओहदा..

तो देंगे नहीं हम उनको..

बल्कि... ठीक

देश की पीड़ा

दुनिया और उसके दिल का दर्द...सड़कों-अस्पतालों-
स्कूल-न्यायालयों की छाती का दर्द....
की तरह---भुला दिए जाएंगे..!?
कैंडल जलाकर....
कड़ी निंदा और टी.वी में डिबेट कर...!?!?!?
कौन करे बयां
सियासत के नुमाइंदों की करतूतें
कि....अवाम के हाथों तुरन्त तलवार हो!!!!
कौन करे फिर एक सबको.....
कि हर हिंदस्तानी ...तिरँगे का रखवार हो!!!
दुनिया के क्षितिज को रौशन कर
नव विहान कौन बांटेगा...
लोहे को फौलाद और..फ़िर ...तपा तपा कर कुंदन कौन करेगा....!?
हर कोई अपना बच्चा
कलेक्टर.. डॉक्टर.. बनाएगा
बुद्धिमान...आदमी
नेता-मंत्री...बाबा बन जाएगा..
कल कौन अपने बेटे भेजेगा सीमा पर...!?
तिरँगा कब तक फहरेगा गगन पर...?!
चिंतनीय है..!!..??..!!

बाल-वीर देश गीत

वन्दे मातरम गाऊंगा
देश ध्वजा फहराउंगा,
मैं सरहद पर जा, बैरी के
शीश काटकर लाऊँगा।।

भारत मेरी माता है
मैं सपूत बन जाऊंगा,
जान हथेली पर ले कर मैं
सीमा पर डट जाऊंगा।।

बच्चा हुँ पर सच्चा हूँ
कभी न खाया गच्चा हूँ,
चाहे प्राण रहे या जाए
सरहद पर अड़ जाऊंगा।।

टेढ़ी नज़र करे जो भारत
आँख फोड़.. वो लाऊँगा,
बाहर-भीतर जयचंदों की
घातें विफल कराऊंगा।।

छल कर धावा बोलेगा
दुश्मन मार गिराऊंगा,
भारत माँ को पाक शत्रु के
खून से मैं नहलाऊंगा।।

एक अकेला और निहत्था
मैं भारी पड़ जाऊंगा,
अंत सांस तक लिए तिरँगा
वन्दे मातरम गाऊंगा।।

ध्वज पर न्यौछावर हम

(देशभक्ति-कव्वाली)

दुश्मन भी घर आए तो दोस्त सा सम्मान देते है....
प्रेम से मांगे कमरा तो पूरा मकान देते हैं...
पर लहराते तिरँगे पर टेढ़ी आँख करे कोई...
तो चीर कर छाती लहू प्रान ले लेते है..........
जय भारती जय भारती जय भारती---।।
जय भारती जय भारती जय भारती---।।

फौलाद का दिल-हौसला चट्टान रखते हैं
माँ भारती के कदमों में हम जान रखते है,
हर एक कतरा लहू का ध्वज पर निछावर है
सर पे कफ़न रग-रग में हिंदुस्तान रखते हैं।।
जय भारती जय भारती जय भारती---।।
जय भारती जय भारती जय भारती---।।

अब घुस के देखो चीन पाकिस्तान मेरे घर
खुले हुए हैं वीरों के बन्दूक औ तेवर,
जांघो में देती थाप अब कश्मीर की गलियां
जिंदा न छोड़ें एक भी ...जुबान रखते हैं।।
जय भारती जय भारती जय भारती---।।
जय भारती जय भारती जय भारती---।।

फूलों की वादीयो को श्मशान बना रख्खे थे
नाजुक प्रदेश लूटने अरमान बना रख्खे थे,
हिंदस्ता के शेर तब नियम से बंधे थे....
हर बखत अब बारूदी.... सामान रखते हैं।।
जय भारती जय भारती जय भारती---।।
जय भारती जय भारती जय भारती---।।

तुमने जो मारे धोखे से अब तक हमारे वीर
दिल मे छुपा रख्खे हैं बदले भावना के तीर,
पर हम नहीं कायर जो गोली... पीठ मारेंगे
घर घुस के.. नेस्तनाबूद पाकिस्तान रखते हैं।।
जय भारती जय भारती जय भारती---।।
जय भारती जय भारती जय भारती---।।

एक बार हमको छूट जो मिल जाए तो समझो
पल भर में ही नापाक पूरा साफ ही समझो,
बारूद की भट्ठी है हम ...विस्फोट जो हुए
हिम्मत- मिटाने... पाक के ..निशान रखते है।।

देश हमारा

देश हमारा भारत देश।
न्यारा है यहाँ का परिवेश।।

हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई।
मिलकर रहते चारो भाय।।

सतसंग की है बहती धार।
धर्म कर्म के सदा विचार।।

निश दिन होते है त्यौहार।
जीते सब खुश अपरम्पार।।

मन्दिर मस्जिद औ गुरुद्वार।
चर्च भी, सारे धर्म के द्वार।।

पग पग पर हैं जाति अनेक।
देश धर्म यहां सब के ऐक।।

सकल विश्व है, इसको निहार।
पावन पुनीत यहां संस्कार।।

साधु संतों का पावन वेश।
गर्व हमें है अपने देश।।

जय जननि, जय भारत माँ

(एक वीर गीत)

उठो सपूतों देश के दुश्मन को, अब तो पहचानो भी
अपने घर पी दूध पल रहे, संपोलों को जानो भी।
शिक्षा के मंदिर के प्रांगण, बैरी की जयकार करे
ऐसे द्रोही और कपूत के, गर्दन झट तलवार करे।

देश के माथे से कलंक के, दाग अभी हटाना है
चुन-चुनकर माँ के दामन के, घाव तुरत मिटाना है।
अब भारत माँ के आँचल को लाल नहीं होने देंगे
अब अवाम बैरी हमलों के, गाल नहीं होने देंगे।

ये वो मुल्क है वीरों का जहाँ वीर शिवाजी होते थे
मुगलों की भारी सेना के दिल थर-थरथर होते थे।
महाराणा प्रताप की भूमि सुन जिनकी ललकारों को
छक्के छूटते बादशाहों के सुन उनकी हुंकारों को।

लक्ष्मी बाई तात्याटोपे की खून से यह भू सींची है
अंग्रेजो की छाती में लक्षमन रेखा जो खींची है।
भगत, राजगुरु, सुखदेव ने हंस कर अपनी जाने दी
उस धरती में तुम हम जन्मे, माटी है बलिदानो की।

चाहे शिक्षक मौलवी पंडित डॉक्टर हो या वकील
खड्ग उठा लो द्रोही काटो, ताबूत में ठोंको कील।

नाम कन्हैया काम कंस के देश को डसते दानव
गद्दारों का दहन करो, मत मानो इनको मानव ।

अभी त्याग दो मुखियाओं तुम भाषण और विदेश भ्रमण
धर्म धरे भारत के लाल, लाल कर दो तुम दुश्मन।
लो शपथ एक खोएंगे लाल तो एक लाख मारेंगे
उठी आंख जो माँ भारती पर, उसका शव जारेंगे ।

नापाक इरादे छु न पाऐं, भारती के आँचल को
ढूंढ-ढूंढ कर शीश काट दो, असद और अफजल को ।
ये रक्त है भारत माता का जो रग-रग में बहता है
देश-द्रोहियों शत्रु को क्यों, आँगन में सहता है !

समय आ गया हिन्द पुत्र अब युद्ध का शंखनाद करे
हर बेटी लक्ष्मी बाई हर बेटा ..स्वयं आज़ाद करे ।
मातृभूमि को धर्म बना लो, प्राण हैं जैसे छाती में
बलिदानो से रक्त सींच कर, मिला है जो कि थाती में।

सत्ता के भूखे नंगों, औ आस्तीनों के नागों का
पकड़ कुचलना फन होगा अब गद्दारो के बापों का।
शेर सिपाही सुनो देश के जब भी तुम गद्दार धरो
या दुश्मन-सीमा पर घुसते कोई बदनीयतदार धरो।

मत सौंपो कानून कोर्ट को शीश काट कर ज्वाला दो
भारत माता को शत्रु नहीं, शत्रुमुण्ड की माला दो।

हर घर में आज़ाद बोष हैं लाला हैं बिस्मिल्ला हैं
फिर क्यों रोज हमारे घर, घुसते सुवर के पिल्ला हैं।

सोचो हम सब अपने घरों में चुप्प शांति से सोएंगे
सरहद पर माँ के सपूत, हो लाल भूमि पर होवेंगे ।
जाग रहो ओ याद रखो हम सभी देश के प्रहरी है
तब काटेंगे दुश्मन की, बारूदी चालें गहरी हैं।

बस जवान औ वर्दी की मत समझो जिम्मेदारी तुम
सभी हिन्द जन सजग रहो और करो भी पहरेदारी तुम।
टोपी, वर्दी, टी.वी आँखो मुँह की कही को दागो भी
नापाक हरकते तेज हो रही हिन्द पुत्रों अब जागो भी।।

नमन बोस-बापू-अब्दुल को

आजाद हिंद फौज की रचना किये सुभाष
स्वतंत्रता संग्राम में .....आगे रहे सुभाष

बेड़ियां जकड़ रहीं, फिर से सुभाष चाहिए
इंग्लिश की बेलि फैली, हिंदी की बास चाहिए,

राष्ट्र भाषा आज... किताबों सुबक रही
नवोदितों के दिल-दिमाग अंग्रेजी पनप रही,

अनेकता में एकता की अब तलक मिशाल थी
चार धर्म चार वेद है भारती हृदय विशाल थी,

नव जनों ने युग- युगों की पवित्रता बेच दी !
पश्चिमी सभ्यता समक्ष अपनी रिवाजें फेंक दी !!

मुश्किल है पर सम्भव अकुश लगा ले हम
विश्व गुरु वरन कलप के तोड़ देगा दम......

जन्मे जहां वो गांव घर प्रदेश -देश है
जन्म भूमि ही हमारा सत्य वेश है......

भारत सा कोई आज भी दुनिया में नहीं देश
अंग्रेज सारे आ बसे है धर्म के परिवेश--

ओ नव युवा-नव पीढ़ियों चमक में न जाओ
भारत भूमि की धन्य परम्पराए उठाओ...

सुभाष, भगत, खुदी, शेखर, पटेल, बिस्मिल्ला
बनो तो गांधी, इंदिरा, अटल, कलाम अब्दुल्ला।।

अभी और बेड़ियां बाकी हैं

एक आँधी सी आई, जब हिन्द शेर गरजे
टूट गई सब बेड़ियां हिन्दुस्तानी हरषे,
सत्तर सालों से सहते थे, अंग्रेजों का कानून
पूरी हुई आजादी ..अ 35 से भी छूटे....
अभी बस नहीं करना..अभी और बेड़ियां बाकी है।।-।।

और एक वचन निभाना है, मन्दिर हमे बनाना है
जात धर्म के झगड़े सारे, जड़ से हमे मिटाना है
मन्दिर मस्जिद गुरुद्वार चर्च एक कमरे में हों
हिंदुस्तान को "एक धाम" बनाना है.......
अभी दम नहीं धरना..अभी और बेड़िया बाकी है।।-।।

आज भी बारूद बिछी हुई है राहों में
युवा दिशाहीन खड़ा हुवा चौराहों में,
घूस व भ्रष्टाचारों उखाड़ जो फेंकेंगे
तब संभलेगा... देश सुरक्षित बांहों में......
अभी सन्तुष्ट न होना..अभी और बेड़ियां बाकी हैं।।-।।

पहले राजा बादशाह व गोरे होते थे
असहायों पे अत्याचार हमेशा होते थे,
अब तो जनता राज है.. "वर्ग" समापन हो
आर्थिक असहाय को सरकारी आरक्षण हो....
अभी न मूंछ ऐंठना..अभी और बेड़ियां बाकी है।।-।।

जयचंद-कंस-डलहौजी-रावण-बाबर भी
पुलिस-प्रशासन-न्यायालय में बैठे हैं,
जनता आज भी बिलख रही है-पीड़ित है
न्याय की सत्ता-धर्म राज भी लाना है....
अभी बस नहीं करना..अभी और बेड़ियां बाकी हैं।।-।।

तिरंगे से प्यार कर लेना

पेड़ पौधों से प्यार कर लेना,
सांसो की बयार कर लेना।
जल जंगल जमीन जब तक है,
जीने का तुम त्यौहार कर लेना।।

CO_2 सोख O_2 बांटेंगे,
साँसों की तुम बहार कर लेना।।
तिरंगे से प्यार कर लेना,
देश पर जां निशार कर लेना।।

मुल्क के काम आके, मरके तुम,
शहादत की मीनार कर लेना।
वतन की आज हिफाज़त करते,
दुश्मन की नश में वार कर लेना।

नाग आस्तीनों के जो डसते हैं,
उनका जहर उतार कर लेना।
देशी जयचंदों के फितरत को तुम,
भांप..निष्फल बेकार कर लेना।।

कोई उजड़ा हुआ गुलशन जो मिले,
बांट अपना...सँवार कर लेना।
देश-माटी के लिए जब जब भी,
मिले मौका...हज़ार कर लेना।।

मिले जो काफिरों की बस्ती तो,
बारूद...बार-बार कर लेना।
जब तलक सांस..आदमियत के,
किस्से तुम भी शुमार कर लेना।।

खेत किसान, सीमा पर प्रहरी,

पहरा तुम घर-बाज़ार कर लेना।

कोई अस्मत से खेले तो..खंज़र,

उसकी छाती के पार कर लेना।

ओढ़ तिरँगा घर आया

आसमान का सीना दहला, जब जयघोष उच्चारे हैं,

"ओढ़ा तिरँगा" जय भारत के लगते जब-जब नारे हैं।

भारत भूमि में जन्मा, भारत भूमि में लाल हुआ,

सीमा की रखवाली करते, वीरगति को लाल हुआ..।।

मात पिता-छू चरण, पत्नी को अभी आया कह गया हुआ,

तिरँगे की आन बान को वह सरहद पर खेत हुआ।।

सीने पर गोली खाई, जय हिंदुस्तान उच्चारा था,

धरती पर गिरने से पहले सौ नापाकी मारा था।।

तोप टैंक ए के छप्पन का किया सामना वो जमकर,

सीमा हुआ सुरक्षित, भागे आतंकी जो थे बचकर।।

अंतिम सांसो में भी तिरँगा गाड़ दिया उसने हिमगिर, कि

जय हिंद कह हिन्द गोद में अंतिम हिचकी ली थी फिर।।

छाती पर फिर लिए तिरँगा, माता पिता के घर आया,

बजे बिगुल-और सात सलामी, जीत हिन्द लेकर आया।।

सूने नैन की बरसातों से सातों सागर हारे हैं,
तब..शहीद की बेबा ने जब, मंगल-सूत्र उतारे हैं...!!
धरती-पाहन-पर्वत रोए आसमान भारत रोया,
आज़ादी के रखवाले सच्चे सपूत हमने खोया।।

वीरों की धरती है मेरा हिंदुस्तान

वीरों की धरती है मेरा हिंदुस्तान,
लहू सींच कर गाते हैं, हम जन गण गान।।

हरदम दिल में रखना उन वीरों की याद,
मातृभूमि के लिए जो त्यागे हंसकर प्रान।।

वीर शिवा राणा लक्ष्मी का देश है ये,
भगत, राजगुरु, सुख की न भूलूँ बलिदान।।

मुगल आतंकी आये भारत लूट लिया,
ब्रिटिश आए और फूट डाल लूटा सामान।।

यहाँ सिक्ख-हिन्दू और मुस्लिम रहते हैं,
हिन्द के बेटे हिदुस्तानी एक हैं जान।।

पाकिस्तानी कुत्ते अब न आएं इधर,
सीमा पर हैं सजग शेर भारत जवान।।

धोखा छल और घात न अब कर पाओगे,

वीर खड़े हैं लिए हथेली अपनी जान।।

जिनके कारण हंसी खुशी और हैं त्यौहार,

उन वीरों की जांबाजी जाहिर जहान।।

जन्मभूमि की माटी तिलक लगा करके

हो जाते जो देश के खातिर हैं कुर्बान।।

मैं भी जन्मा हूँ वीरों की धरती पर

गर्व है मुझको, देश है मेरा हिंदुस्तान।।

वीरों को नमन

हम तुम जलाए होलिका
मस्ती में, अपनो संग, सुरक्षित
रंग-राग-फ़गुवा में नहाए.......

वो जंगलों में, असुरक्षित
अवाम की सुरक्षा और
चैनो-शकुं के लिए अपना खून
बहाये.....

आसमाँ का सीना दहला
धरती की छाती फटी
पर प्रदेश मदमस्त रहा.......
बहादुर जवानों की

चिता धधकती रही
टोपी..सरकार बनाने में ब्यस्त
रहा...
असहाय माँ-बाप, भाई-बहन
बिलखती बीबी और
अबोध बच्चों की करूँ
चित्कार....

देश भुला शत्रु की गोली खाते
मरे वीरों को, और....कर रहे
जीते लोगों का स्वागत सत्कार.....

मंत्री मरने पर समारोह बंद
तिरंगा झुक, शोक सभा
वीर शहीद पर..त्यौहार..!
कश्मीर से कन्या कुमारी

हिमगिरि से बस्तर जंगल
हम भूले... जां-निशार....!
हम डूबे रहे फाग उड़ाने
वो कुर्बान..अमन बचाने

सदर.. कुर्सियां चुनते.....
ग्यारह परिवार..चढ़ गए
बलिवेदी पर..अवाम के लिए
जीने के...सपने बुनते-बुनते....!

शहीदों को श्रद्धा सुमन....!!

सीमा के निगहबानों को सौ-सौ सलाम है

सीमा के निगहबानो को...सौ सौ सलाम है
चौकस अड़े जवानों को...सौ सौ सलाम है।।
अमन के रखवालों-आज़ादी-पहरेदारों को
देश पे कुरबानो को....सौ सौ सलाम है।।
अवाम सुख से सोता है वो पहरे पे होता है
सीने में गोली खाकर, जननि की गोद सोता है
माटी को सौंपी जान को..सौ सौ सलाम है।।-।।

परिवार और देश में जो, देश को चुन लेता
तन मन की सारी खुशियां वतन पे वार देता,
अपनी जवानी-उमंगे सभी को मार देता
आँधी-तूफां में भी अड़ा जो अपने काम है...
सीमा के निगहबानों को सौ सौ सलाम है।।--।।

थाम के जब तक खड़े हैं राष्ट्रध्वज हमारा
बैरी न कर सके है बाल बांका हमारा,
बर्फ में अग्नि में बरसात ठंड में
खड़े अडिग परवाह न अपने अंजाम है....
सीमा के निगहबानों को सौ सौ सलाम है।।-।।

निज रक्त से तिलक जो भारती का किया करते
अवाम की रक्षा के लिए रोज रोज मरते,
भूखे-प्यासे सरहद की चौकसी में जीते

शत्रु हो करोड़ो में भी अकेले लड़ जाते,

जब तक बदन में सांस है करते संग्राम हैं

हिन्द के सपूतों को ...कोटि प्रणाम है....

सीमा में निगहबानों को सौ सौ सललाम है।।--।।

जय हिंद...जय हिंद के बेटे..

देश की पीड़ा-समस्या, एक होकर मेट दो...

बुझाकर आस का दीपक, मत बैठे रहो जी........ माँ कसम,

सुजाकर आंख भीगे मन, मत बैठे रहो जी...... माँ कसम।।

जिसने राह रोकी-गम दिया, हलक में उंगली डाल कर,

निकालो रास्ते और बदनीयत को मार दो जी.....माँ कसम।।

बस बातें-कहानी, बहश में, मशगूल रहना छोड़ दो

उड़ाने फूंक से, तुम चीन-पाक, छोड़ दो जी माँ कसम।।

मंत्री अफसरों -नेताओं के बारे जितना बोलते,

छाती की वही बारूद सीमा पर पहुंच कर खोल दो जी मां कसम।।

कुछ मोदी के तो कुछ सोनिया के हाथ धो पीछे पड़े,

हिन्दुस्तानी होकर शत्रु के पीछे पड़ो जी मां कसम ।।

लाखों बीघे पड़े है खेत और जमीन बंजर देश मे,

बिन फोटो खिंचाए पौध रोपो हरी-धरा करो जी मां कसम।।

बेटीयों के बारे सभाओं में पेलते भाषण हो सब..
गांव-गलियों की गरीब बेटियों को सम्बल बनो जी मां कसम।।
भाषा चाहे हो अलग, कानून और झंडा अलग मांगों नहीं...
एक होकर आपदाओं-शत्रुओं से जीत लो जी मां कसम ।।

शीर्ष पर शेख-सदरों मत लड़ो, आपस में हिन्द पूत हो
बस्तर या जम्मू कश्मीर, बांट लो जी मां कसम।।
चुनाव के दिनों में अपनी अपनी पार्टी के राग गाओ।
समस्या देश की एकजुट होकर मेट लो जी...मां कसम।।

रुको नहीं झुको नहीं

मंजिलें..रुको रुको..कि, हम हैं आ रहे
बिन हमारे तुम भला, कहीं के ना रहे !
सोचो अगर हम न हों, तो तुम भला क्या हो
राही के बिना रास्तों की क्या बिसात है !

जाना कितनी दूर है, मैं सब्र क्यों करूँ
फड़क रही भुजाएं हैं, मंजिल भी पास है।
भाग्य और किस्मतों की बातें फेंकिये
हौसले के साथ हर मुश्किल आसान है।

सरहदों में हिन्द-वीर हैं गरज रहे
दुश्मनों की छाती में दिल सुनसान है।
बारिशों ने ढहा दिए पटरी-पूल-सड़क
हिम्मतें औ रास्ते ढही न ही बही !

शामतें जितनी भी आए, रगों में जोश भर
हिम्मतें-मर्दे-खुदा बुजुर्गों ने कही।
रुको नहीं झुको नहीं डगर-गढ़े चलो
अपने पास जो है जरा बांटते चलो।

कोई न भूखा-असहाय, बेघर न हो कोई
अमीरी- गरीबी की खाई पाटते चलो।
अपनी गली-गांव-शहर-देश एक है
हिन्दुस्ता के सारे लोग रक्त-एक है।
पार्टी-मजहब-औ-वर्ग के पुलिया जो ढहा दो
समृद्ध-औ बलवान मेरा हिन्द देश हो !!

सैनिक सींचते हैं खून

सैनिक सींचते हैं सरहदों में रोज अपना खून,
फिर भी क्यों नहीं उगता वतन से इश्क़-ए-जुनून !

सीमा पार बैठा साजिशें करता रहा दुश्मन,
घर पर बैठ हम तैयार करते बहश के मजमून !

सिपाही पर है छोड़ा हिफाज़त, मंत्री पे सारा देश,
हम बेफ़र्ज़ हो मशगूल दावत ठूंसते दो जून !

दिखाते हिन्दू-मूसलमां की बेटी लाज से लूट गई,
नहीं कि, देश की बेटी चढ़ी फिर..वहशी के जुनून !

तिरँगा सब्र खोता, पूंजी-सत्ता-ताकतें हँसतीं,
वतन के फ़र्ज़ भूले, दौलतों के आये है मानसून !

वीर आल्हा छंद

सुमिरन करके मात-पिता को, ईश्वर-अल्लाह करूँ प्रणाम
हिन्द देश का मैं हूँ बेटा, तन मन धन माटी के नाम,
आल्हा राणा वीर शिवा औ, लक्ष्मी बाई करूँ जुहार
भगत, राजगुरु, बिस्मिल, शेखर बलिदानी से हमको प्यार,
सीमा की रखवाली करते, वीर पुत्रों को नमन हमार
देश की खातिर जो मर मिटते, जाबांजो को दिल से प्यार,
देश बचाते सैन्य सिपाही, और जो सबको भोज्य जुटाय
वीर सिपाही और किसान को, दिलीप हरदम माथ नवाय,
अब चल सरहद से हो आऊँ, जहाँ अड़े हैं वीर हमार
हम सब भी हों साथ जो उनके, लेकर टॉप तीर तलवार,
कभी न दुश्मन धावा बोले, या धोखे से करे न वार
युवा देश कस कमर खड़े हों, जब हरदम हर पल तैयार,
बाल न बांका होय देश को, शहीद न होए कोई वीर
शत्रु मारने छूट हो पूरी, चुन-चुन छाती छेदूँ तीर,
याद रहे जब सीमा सुरक्षित, और तिरँगा लहरत जाय
हिन्दू मुस्लिम-मन्दिर मस्जिद, तब तक अल्ला हो अकबर-आरती गाय,
वीर वंश के हम तुम वंशज, हिंदुस्तान है देश हमार
हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई, ध्वजा तिरँगा से है प्यार,
इसकी आन पे मर मिटते हैं, चाहे प्राण रहे या जाय
बैरी घात करे जा जब भी, कब्रिस्तान उसे पहुंचाय।।

दुश्मन के घर घुसकर मारें, धोखे से करता जो वार
मक्क़ारो का माफ न करना, रक्त को चाहे छूटे धार,
बादल बन कर गरज पड़ूँ कि, भागे पाकी सुन ललकार,
बिजली बनकर टूट पड़ूँ कि, मुंह की खाए बारम्बार।।
टैंक-तोप-बारूद उड़ावें, चलती गोली की बौछार
हिन्द के शेर नहीं डरते हैं, चाहे बल हो शत्रु अपार,
राम रहीम ईसा दिल में हैं, गगन तिरँगा फहराता जाय
विश्व गुरु का मान विश्व में, आसमान पर लहरत जाय।।

जय हिंद....जय भारती

चौकीदार

चौकीदार कौन है....

हर कोई कहता मैं चौकीदार...!!

वैसे गलत नहीं कहता...

कोई अपने जायदाद का चौकीदार है...!!

कोई अपने खेमे का...

कोई अपने माल असबाब का

तो कोई अपने खातों का....

कोई अपने फैक्ट्री का

तो कोई अपने व्यवसाय का...

कोई अपने बीबी बच्चों का

तो कोई अपनी बिरादरी का...

कोई धर्म का तो कोई जात का...!

असल मे ये चौकी नहीं....ठेकेदार हैं....

वतन का चौकीदार तो बस वही हैं...

जो दिन रात...सरहद पर शत्रु से

और भीतर गद्दारों से बचाने देश हित..

मौन होकर है हर वक़्त चौकस

तन से मन से जीवन से..देश को समर्पित....।

तिरँगा लहराए

घर घर में तिरँगा लहराए,
हर दिल में तिरँगा लहराए।।

खून से सींची आज़ादी,
अजर-अमर हो लह लहाए।।

शहीदी की भस्म न ठंडी हो,
इंकलाब नहीं बुझने पाए।।

भारत के बेटे खेत हुए,
सरहद न सियासत हो पाए।।

देश सुरक्षा सर्वप्रथम,
मजहब-पार्टी भाड़ में जाए।।
माँ भारती को नमन...!!

कन्या कुमारी से कश्मीर तक हमारा है

कन्या कुमारी से कश्मीर तक हमारा है,
यहाँ की वादी में जन्नत का जो नज़ारा है।।

पाक की जिद्द है उसे हमसे छीन डालेगा,
उसे मालूम नहीं ये वीरों का शरारा है।।

अड़े खड़े हैं सिपाही सपूत भारत के,
जिनने बलिदान ने इस स्वर्ग को सँवारा है।।

चीन और पाक के नापाक जो घुस आते हैं,
बारम्बार सपूतों ने दुत्कारा है ।।

ये देश गाँधी भगत-शेखर-गुरु-बोस का,
जिन्होंने तन मन धन मातृ भू पे वारा है ।।

लक्ष्मी-प्रताप-बिस्मिल्ला और सुखदेव-गुरु,
शिवा के वंशजों से देश भरा सारा है..।।

हर एक भारती सिपाही हो अब भारत का,
"लहू-शहीद" ने हर एक को पुकारा है।।

याद कर जंजीरों को

याद कर जंजीरों को, मां ने जिसे बरसों सहे
काटते बन्धन करोड़ों, पूत कुर्बा हो गए,
पैदा हुए इंसान थे फिर कट गए तो बंट गए
तिलक हिन्दू, दाढ़ी मुस्लिम, सिख्ख पगड़ी हो गए,
वर्ग बांटा जात बांटी पार्टियों में बंट गए
गिरगिटों ने देश बांटी कुर्सियों में धंस गए !
हम बने हैं "हम वतन के शत्रु" आखिर किसलिए !
ओढ़कर काली चुनरिया बीज विष के बो रहे!
अपना लहू हम खुद बहाते, गोलियों-तलवार से
मातृ भू है भीगती बस, आंसुओं की धार से...!
जो हमें है काटते, विष-खंजरों की नोक से
छुपे हुए आस्तीन के नागों को तो पहचान ले..
हिन्दू-मुस्लिम औ ईसाई-आदिवासी एक हैं... !
एक शज़र की शाखें हैं हम, आदमी की जात रे..
अब भी जागो-चल पड़ो, कस कमर उस राह में
देश रक्षा-धर्म मानव, और न कोई चाह रे....
तक न औरों को सखे, धनुष की डोरी खींच ले
जो नज़र गड़ती वतन पे, वो नज़र ही फोड़ दे..
लो शपथ कि पथ न छोड़ें, मां के सारे घाव धो लें
गगन पे भारत ध्वजा...अनन्त लहराता रहे... !!

वीरों को समर्पित (मुक्तक)

लाल वही माते भारती के जु, अड़े हुए हैं हिम गिरी को सीमा,
आन औ बान को शीश कटावें जो, बैरी को काट बना रहे कीमा।
मातु के लाज रखे कर खातिर, आपन सुख सारो तज दीन्हा,
देश के खातिर जान दई अरु, हँसकर बारूद छाती पे लीन्हा ।।

एक हाथ में ध्वजा तिरंगा, एक हाथ तलवार,
पाकिस्तान को मैं देता हूँ सीमा से ललकार।
शीश काट कर वक्ष फाड़कर धरा लाल कर दूंगा,
भारत माँ को शत्रु मुंड़ो की पहनाऊंगा हार।।

सीमा पार चलकर, शत्रु को ललकार दूँ,
नापाक के षड्यंत्र, जड़ से मार दूँ।
आंख जो बैरी उठाए, मेरे तिरंगे पर,
उसकी छाती में तीर और आंख में तलवार दूँ।।

कायरता की निशानी, है छुप के वार करना,
मुश्किल है हिंन्द भू, शत्रु को पार करना।
आये तो सीना ताने, ललकारता अकेला,
भूमि बिछा न दूँ तो, बेटा न माँ का कहना।।

माँ भारती को शत्-शत् नमन

माँ भारती तुझको नमन, माँ भारती तुझको नमन,
वीर पुत्रों को नमन वीरांगनाओं को नमन ।।
तेरी गोद में जन्मे पले और गोद में ही खो गए,
जो लाल तेरे तेरी खातिर लाल होकर सो गए,
उन वीर पुत्रों को नमन, वीरांगनाओं को नमन,
जन्म दाता वीरों के माता पिता गुरु को नमन ।। -।।
मैं समर्पित तन करूँ मन धन करूँ जीवन करूँ,
शीश अपना कट कर माँ के कदम में क्षन करूँ,
एक अभिलाषा मेरी कि मात्रि भू के काम आऊं,,
स्वतंत्रता अक्षुन रहे रक्त मेरा बने चन्दन ।। -।।
हिन्द धरती लहलहाए मै समर्पित मन करूँ,
मात्रि भू संकट में हो, निज रक्त का चन्दन करूँ,,
भारती के शत्रुओं की छेद छाती रन करूँ,
जिस धरा में जन्म पाया, माटी को वंदन।।--।।
खुश नसीबी होगी मेरी जो वतन के काम आऊं,
बदनसीबी, देश के खातिर न अपना खून बहाऊ,
इस ह्रदय में बोस, बापू, भगत, गुरु और राय हैं,
दिलीप तिलक कर मात्रि भू को सौंप दूँ तन मन।।-।।
माँ भारती तुझको नमन माँ भारती तुझको नमन ।। ।।

याद रहता है

मुझे हर वक़्त मिरा देश भारत याद रहता है,
हरी धरती की मिट्टी और तिरंगा याद रहता है।।
शहीदों की शहादत को, कभी भी भूलता नाही,
भगत सुखदेव फांसी राज गुरु, सब याद रहता है।।

सियासत के लिये काटो न अपने भाई की गरदन,
विभाजन की कहानी का दर्द अब याद रहता है।।
कभी ये याद करते ही नहीं हैं पाँच सालोँ मेँ,
कि पिछली बार के वादे कभी कोई याद करता है।।

